एक नजर



## घर में लगी आग:गृहस्थी का सामान खाक, दो बेटियों के दहेज का सामान भी जला

इंदौर। रावजी बाजार थाना क्षेत्र में रविवार देर रात आगजनी की घटना हो गई। इलाके के एक मकान में आग लगने के कार्‌ा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। घर में बेटियों के दहेज का सामान भी था। जो पूरी तरह जल गया। घटना के वक्त परिवार घर में नहीं था। नजदीक में शादी समारोह में शामिल होने गया था। परिवार कपड़ों में प्रेस करने का काम करता है। उस वक्त घर में 50 ग्राहकों के कपड़े रखे हुए थे। गृहस्थी के सामान के साथ ग्राहकों के कपड़े भी जल गए। घटना के बाद विधायक गोलू शुक्ला मौके पर पहुंचे। कलेक्टर से फोन पर चर्चा कर पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की बात कही। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## ब्रह्मपुरी कॉलोनी में गैस एजेंसी पर छापा, 109 सिलेंडर जब्त

इंदौर। सोमवार शाम को खाद्य विभाग व क्राइम ब्रांच ने भंवरकुआ क्षेत्र की ब्रह्मपुरी कॉलोनी स्थित एक गैस एजेंसी छापा मारा। टीम को सूचना थी कि यहां के हॉकर और एक अन्य एजेंसी के हॉकर द्वारा गैस सिलेंडरों की अदला-बदली की जाती है। टीम ने यहां से तीन वाहनों में भरे 109 सिलेंडर जब्त किए हैं। शुरूआती छानबीन में पता चला है कि खुडैल की गैस एजेंसी का हॉकर यहां स्थित सुपर गैस एजेंसी (एचपीसीएल) के हॉकर को घरेलू सिलेंडर सप्लाय करता था। डिस्ट्रिक्ट फूड कंट्रोलर मोहन मारू ने बताया कि ये दोनों एजेंसियों को अपने रजिस्टर्ड कस्टमर्स को सिलेंडर देने चाहिए थे लेकिन अवैध रूप से दूसरी जगह सप्लाई किए जा रहे थे। दोनों एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## होटल में छात्र ने की खुदकुशी

इंदौर। भंवरकुआ इलाके में पीएससी की तैयारी कर रहे एक स्टूडेंट ने सुसाइड कर लिया। उसने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस के मुताबिक विशाल (26) पुत्र प्रमोद रावत ने इलाके की एक होटल में फांसी लगा ली। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। वह झांसी के पास निवाड़ी का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक होटल के कमरा नंबर 101 में रूका था। होटल संचालक ने बताया कि मृतक ने रविवार रात को ही होटल में कमरा लिया था।

## बच्ची से तीन मनचलों ने की हरकत

इंदौर। देपालपुर थाना इलाके में तीन मनचलों के खिलाफ एक नाबालिग छात्रा ने छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज करवाया है। बच्ची जब स्कूल जाती है तो आरोपी उसके साथ बदसलूकी करते हैं। देपालपुर पुलिस के अनुसार आरोपियों के नाम गोपाल पिता राजेंद्र निवासी ग्राम बनेडि?ा ,राहुल पिता घनश्याम और गोना पिता जमुना लाल है ।

# हथौड़ी से पत्नी का सिर फोड़ा, 2 दिन बाद मौत

### हत्या के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

इंदौर। बाणगंगा में पति-पत्नी की लड़ाई में पत्नि की मौत हो गई। आरोपी पति ने दो दिन पहले सिर पर हथौड़ी से वार कर दिया। इसके बाद इलाज के दौरान रविवार देर रात पत्नी की मौत हो गई। सोमवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए लाया गया।

पुलिस ने आरोपी को पत्नी की मौत के पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी पति पर हत्या की धाराएं बढ़ाई जाएंगी। घायल पत्नी का दो दिन से एमवाय अस्पताल में इलाज चल रहा था।

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक शनिवार को वंदना (49) के साथ उसके पति सुनील सूर्यवंशी ने मारपीट की थी। इस दौरान वंदना के सिर पर उसके पति ने हथौड़ी मार दिया। बेटे प्रवीण ने मां वंदना को अस्पताल में भर्ती कराया। यहां रविवार को वंदना ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस हमले के बाद ही पति सुनील को पकड़ लिया था।



## राकेश गुप्ता ने इंदौर पुलिस आयुक्त का पदभार ग्रहण किया

इंदौर। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी राकेश गुप्ता द्वारा आज इंदौर में पुलिस आयुक्त का पदभार ग्रह्‌ा किया गया है। उन्होंने यह पदभार श्री मकरंद देउस्कर से ग्रह्‌ा किया। इस अवसर श्री देउस्कर सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर श्री गुप्ता का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि पूर्व पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर प्रतिनियुक्ति पर सीमा सुरक्षा बल में जा रहे हैं।

# तीन मंदिरों को चोरों ने बनाया निशाना तीन चोर सहित चौकीदार हिरासत में

इंदौर। हीरानगर में चोरों ने एक के बाद एक तीन मंदिरों को निशाना बनाया है। पुलिस को आरोपियों के मंदिर में घुसते हुए सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। इस आधार पर तीन चोर और एक चौकीदार को हिरासत में लिया है। हीरा नगर पुलिस के मुताबिक ईश्वर शर्मा के साथ सुरेश चौधरी व अन्य हीरा नगर थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्कीम नंबर 136 सेक्टर मंमलेश्वर महादेव मंदिर में पुजारी हैं। वे शनिवार को ताला लगाकर मंदिर से गए थे। रविवार सुबह जब नियमित पूजा के लिए मंदिर पहुंचे तो यहां का गेट खुला मिला। आसपास देखने पर दान पेटी गायब मिली। इसके बाद मंदिर प्रबंधन के लोगों को सूचना दी। मंदिर के सीसीटीवी फुटेज में चोर अंदर घुसते हुए दिखे।



दो और मंदिरों को बनाया निशाना

रहवासियों ने बताया कि उन्हें जानकारी लगी कि आरोपियों ने महाकालेश्वर मंदिर एमआर 10 और सिद्धेश्वर महादेव मंदिर आदर्श मौलिक नगर में भी चोरी की है। पुलिस के मुताबिक उन्हें फुटेज मिले हैं। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर तीनों चोर करण, अर्जुन, जमरु और एक चौकीदार को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ की जा रही है।

## गोवंश से भरी गाड़ी को रोका

इंदौर। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के सिमरोल रोड पर वाहन क्र. एमपी 13 एल 4880 वाहन में गोवंश ले जाए जा रहे थे, जिसकी सूचना बजरंग दल के प्रवीण दरेकर को मिली। उन्होंने अपने साथियों के साथ कनाडि?ा बायपास पर गाड़ी रोकने की कोशिश की, गाड़ी वहां नहीं रूकी को पीछा कर सिमरोल में गाड़ी बमुश्किल रोकी गई। चालक से पूछताछ की तो वह सनावद हाट में ले जा रहे थे। बजरंगियों ने वाहन चालक की खातिरदारी भी कर दी और चालक को तेजाजी नगर पुलिस के सुपुर्द किया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। इस दौरान प्रवीण दरेकर, लक्की रघुवंशी, आदित्य शर्मा, मौसम मिश्रा, राहुल, साजन ठाकुर मौजूद रहे।

# शादी वाले घर में छाया मातम

### ड्यूटी जाते समय पिता की मौत, 14 फरवरी को होना है दो बेटियों की शादी

इंदौर। गांधी नगर इलाके में रहने वाले निगम मस्टरकर्मी की मौत हो गई। मां की मौत के बाद एक महीने पहले ही उनकी अनुकंपा नियुक्ति हुई थी। रात में वह गार्डन पर भी काम करते थे। बताया जाता है कि काम पर जाने के दौरान उन्हें किसी वाहन ने टक्कर मार दी। उनकी दो बेटियों की 14 फरवरी को शादी होना है। जिसकी तैयारी चल रही थी।

पुलिस के मुताबिक घटना गांधी नगर की है। यहां रहने वाले संतोष (50) पुत्र रामचंद वैध निवासी नया बसेरा बाइक से गोम्मटगिरी स्थित गार्डन जाते समय हादसे का शिकार हो गए। संतोष को रात में लोगों ने घायल पड़े देखा और एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल भेजा। यहां उनकी मौत हो गई।

**एक माह पहले ही लगी थी मां के बदले नौकरी-** परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक संतोष की मां सफाई कर्मी के पद पर पोस्टेड थी। उनकी मौत के बाद संतोष को एक माह पहले ही अनुकंपा नौकरी मिली। परिवार ने बताया कि उनकी पहले माह की सैलरी भी नहीं आई।

**घर में है दो बेटियों की शादी-** संतोष के परिवार में उनकी बेटियां खुशी, धेमा और बिट्टू है। खुशी और धेमा की 14 फरवरी को शादी है। पूरा परिवार इसकी तैयारी चल रही थी। खुशी की बारात पलासिया इलाके से आना है। वहीं धेमा की नेवरी पिपल्यागांव के पास शादी पक्की हुई है। यहां खुशियां के बीच अचानक घर में मातम पसर गया है। संतोष की एक बेटी बिट्‌?टू की भी मानसिक हालत ठीक नही। परिवार के बाकी लोग घर से कुछ दूरी पर रहते हैं।

**परिवार के लोग ही होंगे शादी में शामिल-** परिवार के लोगो ने बताया कि पिता की मौत के बाद घर के बाहर बना मंडप हटा दिया गया है। परिवार के लोगो ने सोमवार दोपहर ही घर से ही अंतिम यात्रा निकाली। इसके बाद भाई ने संतोष वैध के शव को मुखाग्नि दी है। परिवार के लोगो ने बताया कि शादी का खाना व अन्य आयोजन कैंसल किये गए है। हालांकि लग्न लिखाने के चलते शादी नही रोकी गई।

# ई रिक्शा के रूट तय करने की मांग

### सीएनजी ऑटो चालकों ने दी एक हफ्ते की चेतावनी, परिवहन मंत्री को लिखे 4 हजार पत्र

इंदौर। शहर में दौड़ रही ई रिक्शा के रुट तय नहीं करने को लेकर सीएनजी ऑटो चालकों का विरोध तेज हो गया है। उन्होंने परिवहन मंत्री व मुख्यमंत्री को 4 हजार पत्र लिखकर इनके रुट तय करने की मांग की है। अगर एक हफ्ते में रुट तय नहीं किए गए तो 21 फरवरी के बाद आंदोलन करेंगे और कोर्ट की शरण लेंगे।

सोमवार को सीएनजी चालक नेहरू पार्क में इकट्‌ठा हुए। उन्होंने हाथों में तख्तियां लेकर ई रिक्शा की मनमानी को लेकर विरोध जताया। सक्षम ऑटो चालक एसोसिएशन के खुशहाल सिंह राजा ने बताया कि शहर में 4 हजार सीएनजी चालक हैं। हम हर साल 15 हजार रु विभाग को देते हैं। इसके अलावा नापतौल विभाग से समय-समय पर मीटर का सत्यापन कराते हैं। इसके बावजूद विभाग हमें ही परेशान करता है जबकि ई रिक्शा बिना कागजातों के दौड़ रही हैं।

# आधा दर्जन राज्यों में चोरी करने वाले पकड़ाए

### सीरियल वारदातों को दे रहे थे अंजाम, लाखों की चोरी में मिले सिर्फ 2 लाख



इंदौर। लसूड़िया पुलिस ने आधा दर्जन राज्यों में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों से कई चोरी की वारदातों के मामले में खुलासा हुआ है। चोरों से करीब एक सप्ताह से पुलिस पूछताछ कर रही है। लेकिन उनसे अब तक 2 लाख का माल ही जब्त हुआ है।



डीसीपी अभिषेक आनंद के मुताबिक लसूड़िया पुलिस ने राजस्थानी बागरिया चोर गिरोह के तीन मेंबरों को पकड़ा है। पकड़ाए आरोपियों में सूरज पुत्र रमेश बागरिया निवासी ग्राम चापानेरी थाना भिनाय जिला केकड़ी राजस्थान, सूरज पुत्र मोतीलाल बागरिया निवासी ग्राम बगराई और भगवान उर्फ घनिया पुत्र हरदेव बागरिया निवासी ग्राम लामगरा है। आरोपी केरल, दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश और राजस्थान में चोरी की वारदात को अजांम दे चुके हैं। आरोपियों ने लसूड़िया में 2022 से लेकर अब तक करीब 5 बड़ी चोरियां की है।

## महिला को ट्रेन ने कुचला, हालत गंभीर

इंदौर। जूनी इंदौर इलाके में सोमवार सुबह ट्रेन हादसे में एक महिला घायल हो गई। डेमू ट्रेन से 60 साल की महिला टकरा गई। महिला के चीखने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। महिला को उपचार के लिये एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक घटना माडर्न वेज कॉलोनी की है। यहां रहने वाली कुसुम बाई पति राजाराम अपने घर के पास से सुबह 6 बजे के लगभग पटरी क्रॉस कर रही थी। इसी दौरान डेमू ट्रेन वहां से निकली। कुसुमबाई उसकी चपेट में आ गई। वह हादसे में गंभीर घायल हो गई। कुसुम बाई की हालत नाजुक बनी हुई है। रहवासियों ने बताया कि आसपास बस्ती इलाका है। ट्रेन अधिकतर यहां से हॉर्न बजाकर निकलती है। लेकिन डेमू ट्रेन होने के चलते उसका हार्न नही बजा। जिसमें महिला अचानक उसकी चपेट में आ गई। महिला के दो बेटे और एक बेटी है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वक्फ दरगाह गैब शाह वली, मौजा भंवरासला, तहसील सांवेर, जिला इंदौर की प्रबंध कमेटी ने उपरोक्त दरगाह की बंजर भूमि खसरा नंबर 18/1 रकबा में से 20, 000 वर्गफीट (बीस हजार वर्गफीट) भूमि को संबंधित वक्फ की आय वृद्धि के उद्देश्य से लीज पर देने का प्रस्ताव पारित किया है, जिसकी सूचना म.प्र. वक्फ बोर्ड को भी दी जा चुकी है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में लिखित व मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। सो सूचित हो।

प्रबंध कमेटी
दरगाह गैब शाह वली
मौजा भंवरासला, तहसील सांवेर, जिला इंदौर (मप्र)
कार्यालयीन पता:-7/2 दौलतगंज, रानीपुरा, इंदौर

## AVAILABLE FINANCE LIMITED

CIN: L67120MP1993PLC007481
Regd. Off: Agarwal House, 5 Yeshwant Colony Indore MP 452003
Email Id: cs@availablefinance.com

NOTICE is hereby given that the following Share Certificates have been reported as lost/misplaced and not traceable by the Registered Shareholder thereof have applied to the Company for issuance of duplicate Share Certificates:

| S. No. | Name of the Shareholder | Ledger Folio No. | No. of Equity Share of Rs. 10/ each | Certificate No. From | Certificate No. To | Distinctive Number From | Distinctive Number To |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | S K Pandit (Deceased Holder) Pradeep Pandit (Legal Heir) | 19 | 2500 | 40976 | 41000 | 4097501 | 4100000 |
| | Total | | | | | | |

The Company has notified BSE regarding loss of aforesaid Share Certificates. Any person who has claim in respect of these Shares may inform the Company and/or its Registrar and Share Transfer Agent M/s Ankit Consultancy Pvt. Ltd. at 60, Electronic Complex, Pardeshipura, Indore (M.P.) by Registered Post and/or by an email on compliance@ankitonline.com or investor@ankitonline.com and may contact to Mr. Rakesh Sahu (Whole-Time Director & CFO) on cs@availablenance.com within 15 (Fifteen) days from the date of publication of this notice.
In case, where no objection is received within the said 15 (Fifteen) days, the Company/Share Transfer Agent will proceed to issue duplicate Share Certificates.

For, Available Finance Limited
SD/- (Rakesh Sahu)
Whole-Time Director & CFO
DIN: 08433972

Date: 13/02/2024
Place: Indore

## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

(उद्यान विभाग)
(उद्यान विभाग सिविल मुख्यालय)

निविदा विज्ञप्ति क्र.: 154/उ.सिविल/23-24/जी-01

**अल्प निविदा आमंत्रण**

दिनांक: 09.02.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR/NON SOR, DATE 02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https:/mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेण्डर आई डी | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2024_UAD _331904_1 | उद्यान विभाग के अन्तर्गत माननीय नगरीय विकास एवं आवास मंत्री म.प्र. शासन को आवंटित बंगला नम्बर ए-15 वी आई पी रोड़ में उद्यान का सौन्दर्यीकरण करना। | 180 दिवस ₹23,76,760/- | ₹5,000/- ₹17,900/- | 26.02.2024 6.00 PM 28.02.2024 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https:/mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलीथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

अधीक्षण यंत्री
उद्यान सिविल
नगर पालिक निगम, इन्दौर

## WORTH PERIPHERALS LIMITED

CIN : L67120MP1996PLC010808
Regd. Office : 102, Sanskriti Apartment, 44, Saket Nagar, Indore-452018 (M.P.) India
Phone: 0731-2560267, 2560348 | Telefax : +91-731-2563425
E-mail : investors@worthindia.com | Website : www.worthindia.com

(Rs. in Lakhs)

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31,2023**

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
| | | 31.12.2023 | 30.09.2023 | 31.12.2022 | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2023 | 31.12.2023 | 30.09.2023 | 31.12.2022 | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2023 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from operations | 4366.33 | 4363.05 | 4841.00 | 13012.32 | 16425.98 | 21271.82 | 5949.56 | 6073.66 | 6806.97 | 17914.62 | 22996.59 | 29749.17 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax and Exceptional Items) | 405.49 | 363.66 | 631.76 | 1252.77 | 1782.27 | 2332.03 | 403.15 | 345.14 | 782.49 | 1284.44 | 2212.24 | 2874.34 |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after Exceptional Items) | 405.49 | 363.66 | 631.76 | 1252.77 | 1782.27 | 2332.03 | 403.15 | 345.14 | 782.49 | 1284.44 | 2212.24 | 2874.34 |
| 4 | **Net Profit for the period after tax attributable to** | | | | | | | | | | | | |
| | Owners of the company | 302.83 | 271.19 | 491.72 | 928.15 | 1391.95 | 1803.92 | 303.05 | 272.25 | 495.06 | 930.26 | 1397.03 | 1806.43 |
| | Non controlling interest | - | - | - | - | - | - | (15.43) | 6.21 | 70.78 | 15.01 | 204.36 | 259.68 |
| | **Total** | **302.83** | 271.19 | 491.72 | 928.15 | 1391.95 | 1803.92 | 287.62 | 278.46 | 565.84 | 945.27 | 1601.39 | 2066.11 |
| 5 | **Total comprehensive income attributable to** | | | | | | | | | | | | |
| | Owners of the company | 303.53 | 271.90 | 491.53 | 930.26 | 1391.38 | 1806.73 | 303.75 | 272.96 | 494.86 | 932.37 | 1396.45 | 1809.24 |
| | Non Controlling Interest | - | - | - | - | - | - | (15.43) | 6.21 | 70.78 | 15.01 | 204.36 | 259.68 |
| | **Total** | **303.53** | **271.90** | **491.53** | **930.26** | **1,391.38** | **1,806.73** | **288.32** | **279.17** | **565.64** | **947.38** | **1,600.81** | **2,068.92** |
| 6 | **Paid up equity share capital (face value Rs.10 Per share)** | 1575.10 | 1575.10 | 1575.10 | 1575.10 | 1575.10 | 1575.10 | 1575.10 | 1575.10 | 1575.10 | 1575.10 | 1575.10 | 1575.10 |
| 7 | **Reserves excluding Revaluation Reserve (as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year)** | - | - | - | - | - | 12707.24 | - | - | - | - | - | 12708.08 |
| 8 | **Earnings per share (Rs.10/- Each)** | | | | | | | | | | | | |
| | -Basic | 1.92 | 1.72 | 3.12 | 5.89 | 8.84 | 11.45 | 1.92 | 1.73 | 3.14 | 5.91 | 8.87 | 11.47 |
| | -Diluted | 1.92 | 1.72 | 3.12 | 5.89 | 8.84 | 11.45 | 1.92 | 1.73 | 3.14 | 5.91 | 8.87 | 11.47 |

1 The above unaudited financial results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles stated therein and prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with relevant rules issued thereunder, Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) as amended and other accounting principles generally accepted in India and in compliance with Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, as amended.
2 The above unaudited financial results of the Company for the quarter and nine months ended December 31, 2023 have been reviewed by the Audit Committee and taken on record and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on February 12, 2024. The statutory auditors of the Company have reviewed these financial results pursuant to Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, as amended.
3 The Company has identified "Manufacture and Sale of Corrugated Boxes" as the single operating segment for the continued operations in the standalone and consolidated financial statement as per Ind AS 108 – Operative Segments.

Date 12/02/2024
Place : INDORE

For Worth Peripherals Limited
Sd/-
Raminder Singh Chadha
Managing Director
DIN:00405932

## बायोफिल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड

CIN: L24233MP1985PLC002709
पंजीकृत कार्यालय : 11/12, सेक्टर-ई, सांवेर रोड इंडस्ट्रियल एरिया, इन्दौर -452015 (म.प्र.) फोन : 0731-2723016/17
ई-मेल : bcplcompliance@gmail.com वेब साईट : www.biofilgroup.net

**सदस्यो को पोस्टल बैलट और ई- वोटिंग की सूचना**

एतद द्वारा बायोफिल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी (प्रबन्दन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 एवं नियम 22 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 एवं 110 के प्रावधानों एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र क्रमांक 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर, 2020, 39/2020 दिनांक 31 दिसंबर, 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर, 2021 , 03/2022 दिनांक 5 मई, 2022, 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022 एवं 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023 (एमसीए परिपत्र), सेबी के विनिमय 44 (सूचीबद्ध करने की बाध्यता और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनिमय 2015 (सेबी एलओडीर नियमन) के अनुसार कंपनी के सदस्यों की सिर्फ रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम द्वारा पोस्टल बैलट नोटिस में उल्लेखित निचे दिए गए प्रस्ताव पर सहमती के लिए, पोस्टल बैलट 06 फरवरी, 2024 का नोटिस उन सदस्यों को सोमवार 12 फरवरी, 2024 ई-मेल के माध्यम से भेजा जा चूका है जिनका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपाजिटरी द्वारा रखे गए लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में कट ऑफ तिथि अर्थात षुक्रवार 9 फरवरी 2024 के दिन क्रमशः पंजीकृत हैः-

| मद संख्या | प्रस्ताव | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | विशेष प्रस्ताव | 11/12, सेक्टर 'ई', सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र, इंदौर-452015 मध्य प्रदेश में स्थित उपक्रम का निपटान |

डाक मतपत्र की सूचना और मतदान के निर्देश, कंपनी की वेबसाइट www.biofilgroup.net पर और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सी.डी.एस.एल) की वेबसाइट यानी www.evotingindia.com पर और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com & www.bseindia.com जिस पर कंपनी के शेयर सूचीबद्ध है, के संगत अनुभाग पर भी उपलब्ध है। जिन शेयरधारकों के पास कट-ऑफ तिथि तक शेयर हैं, जिन्हें उक्त पोस्टल बैलेट नोटिस का ई-मेल नहीं मिला है, वे उपरोक्त वेबसाइटों से इसे डाउनलोड कर सकते हैं या कंपनी को ईमेल लिख सकते हैं और उसका डुप्लीकेट प्राप्त कर सकते हैं।
एमसीए परिपत्रो के अनुपालन में, पोस्टल बैलट सूचना की भौतिक कॉपी, पोस्टल बैलट फॉर्म और पहले से चुकता-शुल्क वाले व्यावसायिक जवाब लिफाफे, शेयरधारको को मतदान के लिए नहीं भेजे गए है और शेयरधारको को उनकी सहमति या असहमति केवल रिमोट-ई मतदान प्रणाली के जरिये ही देनी होगी।
जैसा कि आवश्यक है, कंपनी सभी सदस्यों को ई मतदान की सुविधा प्रदान कर रही है, ताकि वह इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान कर सके। कंपनी ने ई मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सी.डी.एस.एल) को नियुक्त किया है ताकि सदस्यों को उनके वोट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से डालने की सुविधा दी जा सके। मतदान के अधिकार का निर्धारण, तय निर्धारित तिथि पर सदस्यों के नाम पर पंजीकृत शेयरो के चुकता मूल्य पर किया जायगा और ऐसा कोई भी व्यक्ति जो कि उस निर्धारित तिथि को सदस्य नहीं है, डाक मतपत्र की सूचना को केवल जानकारी हेतु माने।
ई-मतदान द्वारा पोस्टल बैलट पर मतदान की सुविधा निम्नलिखित अवधि के लिए उपलब्ध होगीः-

**मतदान का आरम्भ : गुरुवार, 15 फरवरी, 2024 (प्रातः 09:00 बजे से भारतीय समयानुसार)**
**मतदान की समाप्ति : शुक्रवार, 15 मार्च, 2024 (शाम 05:00 बजे तक भारतीय समयानुसार)**

इस अवधि के दौरान कंपनी के ऐसे सदस्य, जो तय निर्धारित तिथि पर यानि शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024 को भौतिक स्वरूप में या डीमटेरियलाइस स्वरूप मैं इक्विटी शेयर के धारक है, वह इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान कर सकते है। शुक्रवार, 15 मार्च, 2024 को शाम 5.00 बजे पश्चात ई मतदान की अनुमति नहीं होगी। इसके बाद सीडीएसएल द्वारा ई-मतदान प्रणाली को मतदान के लिए निष्क्रिय कर दी जाएगी और उक्त तिथि के बाद इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी।
कंपनी ने श्री एल.एन. जोशी, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी, इंदौर (सदस्यता संख्या एफ 5201, सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस नंबर 4216) को निष्पक्ष और पारदर्शी प्रणाली से रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से पोस्टल बैलेट के संचालन के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।
डाक मतपत्र/ई मतदान के परिणाम सोमवार, 18 मार्च, 2024 को या इसके पूर्व घोषित किये जायगे। घोषित परिणाम, संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ कंपनी की वेबसाइट www.biofilgroup.net और (सी.डी.एस.एल) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर दिखाए जायगे और उनकी सूचना नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com को दी जायगी।
उन शेयरधारको द्वारा रिमोट ई मतदान प्रक्रिया में भागीदारी को सक्षम बनाने के लिए, जिन्हे वैध ई-मेल आईडी की अनुपलब्धता की वजह से डाक मतपत्र की सूचना नहीं भेजी जा सकी है, कंपनी ने अपने रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट के साथ ऊपर उल्लेखित परिपत्रो के अनुरूप ई-मेल आईडी के रजिस्ट्रेशन के लिए उपयुक्त व्यवस्था की है।
ई-मेल आईडी के पंजीकरण की प्रक्रिया निम्नलिखित है :-

| | |
|---|---|
| भौतिक पद्धति | ई-मेल पंजीकृत के लिए कृपया कंपनी/रजिस्ट्रार एंड शेयर ट्रांसफर एजेंट को ई-मेल द्वारा आवश्यक विवरण जैसे फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की हुई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्वप्रमाणित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वप्रमाणित स्कैन की हुई प्रति) में से किसी एक के साथ अनुरोध करे। |
| डीमैट पद्धति | कृपया अपने डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी) से संपर्क करे और आपके डीपी द्वारा बताए अनुसार अपना ई-मेल पते को पंजीकृत करे। |

सी.डी.एस.एल के ई-मतदान प्रणाली से ई-मतदान के सम्बन्ध में कोई प्रश्न या समस्या होने पर आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल या 1800225533 पर सम्पर्क कर सकते है।
इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायते श्री राकेश डालवी, सीनियर मैनेजर, (सी.डी.एस.एल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ए विंग, 25वी तल, मैराथन फ्युचरेक्ष, मफतलाल मिल कंपाउंड, एन.एम.जोशी मार्ग लोअर परेल (पूर्व) मुंबई-400013 को भेज सकते है या helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल कर सकते है या 1800225533 पर सम्पर्क कर सकते है।

बोर्ड के आदेश से
बायोफिल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड
हस्ते
श्वेता वर्मा (कंपनी सचिव व अनुपालन अधिकारी)
ए.सी.एस. 70184

दिनांक : 13 फरवरी, 2024
स्थान : इन्दौर